एस.बी.डी.राजकीय महाविद्यालय ,सरदारशहर(चूरू)

दिनांकः 12-11-2021

एन.सी.सी. प्रवेश सूचना

महाविद्यालय में **दिनांक 23 नवम्बर 2021 (मंगलवार)** को प्रातः 09:00 बजे कमान अधिकारी 7वीं राजस्थान बटालियन एन.सी.सी. बीकानेर के निर्देशों के अनुसार एन.सी.सी भर्ती का आयोजन महाविद्यालय के खेल मैदान में किया जाना है। अतः महाविद्यालय में सत्र 2021–22 में प्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों (छात्र–छात्राओं) को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित शर्तो को पूर्ण करते हुए भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकते है। ध्यान रहे कि भर्ती हेतु सम्पूर्ण मानदण्ड एनसीसी बटालियन द्वारा निर्धारित रहेंगे।

शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं शारीरिक मानदंड पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रकिया में आवश्यकतानुसार 04 किलोमीटर दौड़ sit ups, push ups, लम्बी कूद, साक्षात्कार/लिखित परीक्षा एवं अन्य शारीरिक परीक्षण करवाये जाएंगे।

1. आवेदनकर्त्ता महाविद्यालय का नियमित विद्यार्थी हो तथा आवेदन पत्र के साथ प्रवेश फीस की रसीद, कक्षा– दसवीं, बारहवीं की अंकतालिका की फोटो प्रति एवं आधार कार्ड की फोटो प्रति प्रस्तुत करें ।
2. यदि विद्यार्थी स्कूल में एन.सी.सी. का कैडेट्स रहा है तो एन.सी.सी प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी प्रस्तुत करें।
3. विद्यार्थी असामाजिक गतिविधियों में भाग नहीं लेता हो।
4. **अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व स्वयं का मेडिकल जांच आवश्यक रूप से करवा लेवें। भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।**
5. विद्यार्थी में Knock knees, Flat foot, Poor eyesight, unable to close one eye while aiming, Nervous tremors of hand / fingers, stammering, Chronic diseases : (T.B., Hepatitis, Leprosy) आदि शारीरिक व्याधियां नहीं होनी चाहिए।
6. एनसीसी नियमित परेड में न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य है इसका योग प्रतिमाह किया जायेगा यदि किसी कैडेट की उपस्थिति कम होती हैं तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा ।
7. एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को कोविड–19 गाइडलाइन की पालना करनी आवश्यक होगी।
8. विद्यार्थियों को अनुशासन में रहना होगा। यदि कोई विद्यार्थी अनुशासनहीनता करते हुये पाया गया तो उसे तुरन्त भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा।
9. अनुशासन के दृष्टिगत एनसीसी भर्ती प्रकिया में भाग लेनेवाले विद्यार्थियों के अतिरिक्त अभिभावक, मित्रगण आदि भर्ती मैदान में उपस्थित नहीं रहेंगे।

नोटः– एनसीसी भर्ती दिनांक 23 नवम्बर 2021 (मंगलवार) प्रातः 09:00 बजे से पूर्व अभ्यर्थी आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcsardarsahar से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर मय दस्तावेज महाविद्यालय एनसीसी कार्यालय में **दिनांक 20.11.2021 (दोपहर 12:15 से 01:15 बजे)** तक आवश्यक रूप से जमा करवा देवें।

एनसीसी प्रभारी

Major Sohan Lal
Associate NCC Officer
Govt. College, Sardarshahar (Raj.)

प्राचार्य
से.बु.दू.राज. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर (राज.)